# समाचार वाणी
**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | **Friday, 25 September 2026**


# Tesla ने भारत मे ंजारी की पहली कार की कीमते, Model Y की डिलीवरी Q3 2025 से शुरू।


Publisher

Published on 15 Jul 2025





**Tesla Model Y की शुरुआती ऑन-रोड कीमत ₹61.07 लाख, मिलेगें दो वेरिएंट्स और कई कलर ऑप्शन; बुकिंग ₹22,000 मे शुरू।**

**नई दिल्ली**: भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बाजार को बड़ा झटका देने आ गई है **Elon Musk** की कंपनी **Tesla**। लंबे इंतजार के बाद कंपनी ने अपनी पहली कार **Model Y SUV** के कीमतों और डिलीवरी टाइमलाइन का एलान कर दिया है। **Model Y** की डिलीवरी 2025 की तीसरी तिमाही (Q3) से शुरू होगी।

कंपनी ने इसकी बुकिंग **₹22,000** में शुरू कर दी है, जो **नॉन-रिफंडेबल** है। शुरू में यह गाड़ी **दिल्ली, गुरुग्राम** और **मुंबई** जैसे प्रमुख शहरों में उपलब्ध कराई जाएगी।

**Tesla Model Y की कीमते:**

१. **Standard RWD वेरिएंट :** ₹61.07 लाख (ऑन-रोड दिल्ली)
२. **Long Range RWD वेरिएंट :** ₹69.15 लाख (ऑन-रोड दिल्ली)

**क्या है वेरिएंट्स मे अंतर ?**

१. **Standard RWD वेरिएंट**
२. **बैटरी :** 60kWh LFP
३. **रेंज :** लगभग 500 किलोमीटर
४. **0-100 किमी/घंटा :** लगभग 5.6 सेकंड

५. **Long Range RWD वेरिएंट**
६. **बैटरी :** 75kWh NMC
७. **रेंज :** 622 किलोमीटर तक
८. **0-100 किमी/घंटा :** 5 सेकंड से कम

**फीचर्स जो इसे बनाते है अलग :**

**Tesla Model Y** को भारत में टेक्नोलॉजी के पावरहाउस के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। इसमें मिलेंगे:

१. **ओवर-द-एयर सॉफ़्टवेयर अपडेट्स**
२. **रियर सीट के लिए टचस्क्रीन**
३. **इलेक्ट्रिक एडजस्टेबल रियर सीटे**
४. **Tesla ऐप के जरिए रियल-टाइम कंट्रोल**
५. **प्रीमियम साउंड सिस्टम**

**Model Y के कलर ऑप्शन :**

| **रंग** | **एक्स्ट्रा चार्ज** |
|---|---|
| स्टील्थ ग्रे | ₹0 (नो एक्स्ट्रा चार्ज) |
| पर्ल व्हाइट मल्टी-कोट | ₹95,000 |
| डायमंड ब्लैक | ₹95,000 |
| ग्लेशियर ब्लू | ₹1,25,000 |
| क्विकसिल्वर और अल्ट्रा रेड | ₹1,85,000 |

इन प्रीमियम रंगों की **लोकप्रियता अंतरराष्ट्रीय बाजारों** में भी देखी जा चुकी है और **भारतीय ग्राहकों** को भी वही प्रीमियम अनुभव देने का वादा करती है **Tesla**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.